आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
मंगलवार 06.05.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने कल नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल से पहले राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून से निःशुल्क सेवा– मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के वाहनों का फ्लैग ऑफ किया।
- मुख्यमंत्री ने देहरादून में उच्च शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों पर नियुक्त 139 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- भारतीय मानक ब्यूरो ने चमोली जिले के माणा गांव में मानक चौपाल का आयोजन किया।

<u>मॉक ड्रिल बैठक</u>

केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने कल होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के जरिये बैठक की। गृह मंत्रालय ने देश के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली को परखना है।

<u>मॉक ड्रिल प्रदेश</u>

वहीं, प्रदेश में भी कल होने वाली मॉक ड्रिल की तैयारियां की जा रही हैं। देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि ड्रिल में जिलेभर में नौ सायरनों का उपयोग किया जाएगा।

<u>वाहन फ्लैग ऑफ</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज कैंप कार्यालय, देहरादून से ''डॉक्टर आपके द्वार'' निःशुल्क सेवा, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएसआर के अन्तर्गत शुरू की गई यह पहल निश्चित रूप से प्रदेश के दुर्गम अंचलों में रहने वाले लोगों को सरल, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है।

नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों पर नियुक्त 139 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के प्रदेश सरकार के विकल्प रहित संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता और ईमानदारी से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अब नौकरियां सिर्फ और सिर्फ योग्यता, प्रतिभा व क्षमता के

आधार पर मिल रही हैं। श्री धामी ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षाओं को निष्पक्षता व ईमानदारी से संपन्न कराया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि साढ़े तीन वर्षों के दौरान राज्य में विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अब तेईस हजार के आंकड़े को पार करने वाली है।

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो, बीआईएस की ओर से आज चमोली जिले के माणा गांव में मानक चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीआईएस के प्रमुख सौरभ तिवारी ने ग्रामीणों को बताया कि गुणवत्ता युक्त जीवनशैली के लिए आईएसआई चिह्नित उत्पादों का उपयोग आवश्यक है, जो उपभोक्ताओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और टिकाऊपन की दृष्टि से उपयुक्त होते हैं।

कार्यक्रम में सहायक निदेशक सौरभ चौरसिया ने बीआईएस केयर एप्प के उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता इस ऐप के माध्यम से उत्पादों की प्रमाणिकता की जांच, शिकायत पंजीकरण और मानकों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

मानक चौपाल का उद्देश्य ग्रामवासियों को भारतीय मानकों की जानकारी देना, गुणवत्ता के प्रति जागरूक करना और उपभोक्ता अधिकारों को मजबूत करना था।

राज्य वित्त आयोग

छठें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. रविशंकर के नेतृत्व में एक दल ने चम्पावत जिले के विभिन्न स्थानों का दौरा कर विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान दल ने जिला स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और मान्यता प्राप्त दलों के लोगों से बैठक कर केंद्र व राज्य की योजनाओं को समन्वय के साथ करने पर जोर दिया। आयोग के सदस्य पी.एस. जंगपांगी ने बताया कि वर्ष 2026 से 2031 तक स्थानीय निकायों व पंचायतो को राज्य सरकार की निधियों में से किस प्रकार वित्तीय योजनाओं का समावेश होना है , इसके लिए परामर्शी प्रकिया अपनाई जा रही है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम– उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जे. एन. एस. बिष्ट ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों और वीरांगनाओं की देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि कल्याणकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ लक्षित वर्गों तक सुनिश्चित रूप से पहुँचे। ब्रिगेडियर बिष्ट ने बताया कि उपनल द्वारा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

बीकेटीसी कार्यभार

बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी और उपाध्यक्ष विजय कपरवाण ने आज देहरादून स्थित कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन और तीर्थाटन का बेहतर प्रबंधन, उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों के लिए मंदिरों में सुगम दर्शन, सुरक्षा, स्वास्थ्य, और परिवहन सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद की गई हैं।

हेमकुंड साहिब

चमोली जिले में स्थित सिखों के प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। सेना के जवान यात्रा मार्ग पर जगह–जगह बर्फ हटा रहे हैं। गुरुद्वारा समिति के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि आस्था पथ से बर्फ हटाने का कार्य लगातार जारी है। सेवादार भी यात्रा तैयारी में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि 25 मई तक सभी व्यवस्थाएं सुचारु कर ली जाएंगी।